मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenuispat.com, Website: www.kamdhenuispat.com, www.colourdreamz.com www.facebook.com/kamdhenuispatlimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–15, अंक–07, जुलाई 2015

**किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545**






भारत की अग्रणी इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर कंपनी, कामधेनु इस्पात लि. भारतीय कारपोरेट जगत की की एक सजग और सक्रिय ईकाई मानी जाती है। विश्व बाजार की चुनौतियों हो, आविष्कारी तकनीकी विकास हो या नीतिगत निर्णयों से उत्पन्न अवसर हो – कंपनी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय रूझानों पर लगातार नज़र रखते हुये अपने व्यावसायिक तथा उत्पाद संबंधी पोर्टफोलियो में लगातार विस्तार करती आ रही है। मेटल रूफिंग सेगमेंट में जबरदस्त बाजार को देखते हुये कामधेनु ने रूफिंग शीट्स वर्टिकल, ''कामधेनु कलर कोटेड शीट्स'' की सफल शुरूआत करते हुये रूफिंग समाधान की एक प्रभावशाली श्रृंखला को भारतीय बाज़ार में पेश किया है। वर्तमान में कामधेनु शीट्स जम्मू–कश्मीर, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, राजस्थान एवं मध्य प्रदेश के बाज़ार में उपलब्ध है।

कंपनी की विस्तार नीतियों को दिशा देने में कामधेनु इस्पात लि0 के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल की प्रमुख भूमिका है। कामधेनु कलर कोटेड शीट्स के लिये भारतीय बाज़ार में उपलब्ध अवसर की व्याख्या करते हुये श्री सुनील अग्रवाल के बताया, ''देश में आर्थिक विकास के कारण आज लोगों के पास अधिक डिस्पोजेबल इन्कम उपलब्ध है, जिसके फलस्वरूप घरेलू इमारतों में उच्च गुणवत्ता के छत निर्माण सामग्री का उपयोग बढ़ता जा रहा है। औद्योगिक व सर्विस सेक्टर में भी लो मेंनटिनेंस, अधिक टिकाऊ और पर्यावरण हितैषी रूफिंग मेटेरियल्स की मॉग बढ़ रही है। अपनी बेहतर क्वालिटी, जबरदस्त ब्राण्ड इक्विटी और वाज़िब कीमत के कारण कामधेनु कलर कोटेड शीट्स आने वाले निकट समय में बड़ी बाज़ार हिस्सेदारी प्राप्त करने में सफल होगा।''

कामधेनु कलर कोटेड शीट्स के अंतर्गत जंगरोधी व आकर्षक कलर कोटेड हाई–रिब प्रोफाइल शीट्स, टाइल प्रोफाइल शीट्स एवं कोरोगेटेड शीट्स की एक विस्तृत श्रेणी उपलब्ध है। कामधेनु कलर कोटेड शीट्स में एडवांस हाई रिफ्लेक्टिव कोटिंग इस्तेमाल की गई है जो गर्म मौसम में छत के तापमान को कम रखती है जिससे ये शीट्स न सिर्फ अधिक आरामदेह हैं बल्कि ये कूलिंग पर होने वाले खर्च से भी राहत देते हैं।

निर्माण क्षेत्र के सबसे प्रभावी ब्राण्डों में शामिल, कामधेनु उत्पादों का देश भर में मज़बूत डीलर नेटवर्क मौजूद है। बेहतरीन गुणवत्ता और बेहतर बाज़ार प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण बन चुकी कामधेनु, फ्रैंचाइज़ी बिजनेस मॉडल सरीखे क्रांतिकारी बाज़ार नीतियों और आविष्कारी तकनीकों का उपयोग करते हुये भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में महत्वपूर्ण योगदान करती आ रही है। कंपनी की भावी नीतियों की झलक देते हुये श्री सुनील अग्रवाल, निदेशक, कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने कहा, ''देश भर से आ रही लगातार मॉग को देखते हुये कई राज्यों में रूफिंग शीट्स उत्पादों के नये डीलर बनाये जाने की प्रक्रिया चल रही है। हमारा लक्ष्य देश की बड़ी रूफिंग समाधान कंपनियों में शामिल होने का है।''


कामधेनु इस्पात लिमिटेड भारत में तेज औद्योगिकीकरण का माहौल बनाने में लगातार अपनी भूमिका निभा रहा है। **मेक इन इंडिया** अभियान के तहत मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर के लिये हितकारी नीतियों का लाभ भारत की छोटी–बड़ी कंपनियों तक पहुँचाने के संकल्प के साथ कामधेनु तकनीकी या मार्केटिंग की समस्या से जूझ रही किसी भी कंपनी को उत्पादन से संबंधित जानकारी, प्रशिक्षण और अन्य सहायता देने को हमेशा तैयार है।

**मेक इन इंडिया** अभियान के प्रति कामधेनु के संकल्प को रेखांकित करते हुये श्री सुनील अग्रवाल ने बताया कि, ''देश में किसी भी उद्योग से जुड़ी कोई भी कंपनी संसाधन या सहायता के लिये हमसे बेझिझक संपर्क कर सकती है। कामधेनु के अधिकारियों और चैनल पार्टनर्स को भी निर्देश दिया गया है कि किसी कंपनी का ऐसा कोई प्रोजेक्ट कामधेनु के पास लाने में वे अपनी सक्रिय भूमिका निभायें ताकि अर्थव्यवस्था और हम सभी को इसका लाभ मिल सके।''

स्वतंत्रता दिवस के आगमन के अवसर पर सभी भारतीयों को शुभकामना देते हुये श्री सुनील अग्रवाल ने देश के विकास के प्रति कामधेनु की प्रतिबद्धता जताई और कहा ''68 साल पहले मिली आज़ादी देश की बेहतरी के लिये एक बड़ा बदलाव था। जिसके साथ सभी देशवासियों के विकास का सपना जुड़ा हुआ था। आज हम एक विकसित राष्ट्र बनने के क़रीब है। कामधेनु अपनी पूरी क्षमता के साथ देशवासियों के समक्ष बदलाव के बेहतर विकल्प पेश करने के लिये कृतसंकल्प है।''



# स्किल इंडिया मिशन का शुभारम्भ




15 जुलाई 2015 को विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारत में स्किल इंडिया मिशन का शुभारम्भ किया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के अलावा कई केन्द्रीय मंत्री और विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल हुये। इस अभियान को समर्थन देते हुये टाटा व महिन्द्रा सरीखे कई भारतीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के प्रमुख भी इस कार्यक्रम में मौजूद थे। भारत के कई राज्य की सरकारों ने भी इस दिन अपने–अपने राज्यों में इस अभियान को लॉच कर दिया है।

भारत की नौजवान पीढ़ी को रोज़गारोन्मुखी कौशल उपलब्ध कराने को प्राथमिकता देने के तहत इस महत्वाकांक्षी योजना की शुरूआत की गई है जिसके तहत वर्ष 2022 तक 40.2 करोड़ युवाओं को कौशल प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। करीब साढ़े दस करोड़ बेरोज़गार व्यक्ति तथा 29 करोड़ से अधिक विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत अकुशल अथवा अर्धकुशल श्रमिकों व उद्यमियों को इस मिशन के अंतर्गत बेहतर कौशल प्रदान किया जायेगा।

भारत में बड़ी संख्या में मौजूद युवा पीढ़ी अगर आज की आर्थिक और औद्योगिक सेक्टर की मॉग के अनुरूप स्किल प्राप्त करले तो विश्व बाज़ार में भारतीय युवक व युवतियॉ महत्वपूर्ण मानव संसाधन के रूप में स्थान पा सकते हैं। इससे न सिर्फ युवा पीढ़ी को अच्छी जीविका मिलेगी, बल्कि भारत में मैन्यूफैक्चरिंग एवं सर्विस सेक्टर में निवेश भी बढ़ेगा। विश्व के कई विकसित देशों में घटती युवाजन संख्या को देखते हुये प्रतियोगी वेतन–दरों पर कुशल कामगारों की उपलब्धता भारत को विश्व की एक बड़ी आर्थिक शक्ति बनने की दिशा में काफी मदद कर सकती है।

# प्रधानमंत्री का रूस दौरा

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 6 जुलाई से 13 जुलाई के बीच 5 मध्य एशियाई देशों के साथ–साथ रूस का सफल दौरा संपन्न किया। इस 8 दिवसीय दौरे के अंतर्गत भारत ने व्यापार, सुरक्षा और ऊर्जा के क्षेत्र में इन मध्य–एशिआई देशों के साथ कई लाभकारी समझौते किये। यात्रा के दौरान हर जगह प्रधानमंत्री मोदी जी को अप्रवासी भारतीयों व विदेशी नागरिकों का भरपूर प्यार मिला। भारतीय संस्कृति, कला और फिल्म के दीवा मध्य–एशिआई लोगों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया।



रूस में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने ब्रिक्स तथा शंघाई कॉपरेशन ऑर्गेनाइजेशन के शिखर सम्मेलनों में शिरकत किया। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में ब्राज़ील, रूस, चीन एवं दक्षिण अफ्रीका के प्रतिनिधियों के साथ आर्थिक सहयोग बढ़ाने की दिशा में सकारात्मक चर्चा हुई। ब्रिक्स विकास बैंक की स्थापना के बाद हो रहे इस शिखर सम्मेलन में सदस्य देशों की स्थानीय मुद्रा में ऋण सुविधा उपलब्ध कराने की संभावनाओं पर चर्चा की गई ताकि डालर और यूरो पर निर्भरता कम की जा सके।

रूस के ऊफा में आयोजित शंघाई कॉपरेशन ऑर्गेनाइजेशन शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी जी की मुलाकात पाकिस्तानी प्रधानमंत्री श्री नवाज़ शरीफ के साथ हुई। इस वार्ता के बाद दोनो देशों की सीमा पर तनाव कम करने तथा आर्थिक सहयोग को बढ़ाने के वादे पर सहमति बनी। कश्मीर को मुद्दा बनाये बगैर हुई चर्चा और उसके बाद के संयुक्त बयान की वज़ह से इस मुलाकात को दुनिया भर के विशेषज्ञों ने भारत की डिप्लोमैटिक जीत मानी है।

# बिहार में आईआईटी कैंपस का उद्घाटन



25 जुलाई 2015 को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा आईआईटी, पटना के उद्घाटन से बिहार में उच्चस्तरीय शिक्षा संबंधी वातावरण के निर्माण को मज़बूती मिली है। करोड़ों बिहार–निवासियों के लिये यह दिन खुशी भरा था। दरअसल हज़ारों सालों से ज्ञान का गढ़ रहा बिहार, आधुनिक समय में लगातार प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार रहा और यहॉ राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा अथवा शोध संस्थान नहीं खुले। इस कारण बिहार से पिछले कई दशकों से मेधावी विद्यार्थियों का अन्य राज्यों में पलायन होता रहा है। अलग झारखंड राज्य बनने के बाद बिहार में तकनीकी शिक्षा संस्थानों की कमी और बढ़ गई थी।

आईआईटी, पटना के नये कैंपस का उद्घाटन करने के अतिरिक्त प्रधानमंत्री मोदी जी यहॉ ''इनक्यूबेशन सेंटर फॉर मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स'' की आधारशिला रखी। यह सेंटर भविष्य में स्वास्थ्य के क्षेत्र में तकनीकी विकास के नये दरवाजे खोलेगा।

# राजस्थान में छाया कामधेनु पेंट्स का रंग




भारतीय उपभोक्ताओं के बीच सबसे तेजी से लोकप्रिय हो रहा पेंट्स ब्राण्ड, कामधेनु पेंट्स आज सजावटी पेंट सेगमेंट में देश के की टॉप कंपनियों की सूची में शामिल है।

देश के अन्य कई राज्यों की तरह ही राजस्थान में विगत वित्त–वर्ष में कामधेनु पेंट्स को अच्छी क़ामयाबी मिली है। राजस्थान के कामधेनु पेंट्स डीलर्स को प्रेरित, प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत करने तथा उनके बीच कामधेनु पेंट्स उत्पादों की नई रेंज से संबंधित जानकारी को और अधिक बढ़ाने के उद्येश्य से 17 मई 2015 को राज्य की राजधानी जयपुर स्थित होटल होलीडे इन में वार्षिक चैनल पार्टनर मीट का आयोजन किया गया। इस मीट में संपूर्ण उत्तरी राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत 60 से अधिक पेंट्स डीलरबंधु शामिल हुये। डिस्ट्रीब्यूटर्स मेसर्स अनिल छाबड़ा से श्री अनिल छाबड़ा, हनुमानगढ़ व मेसर्स अनिल ट्रेडर्स से श्री अनिल कयाल, झुंझनू भी इस बैठक में सम्मिलित हुये। कार्यक्रम में श्री राजकुमार श्रीवास्तव, नेशनल मार्केटिंग हेड सहित श्री विजय आस्थाना, सुश्री जसोदा तथा श्री अजय शर्मा सरीखे कामधेनु पेंट्स के कई वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इस वार्षिक चैनल पार्टनर्स मीट में वित्तवर्ष 2014–15 के दौरान हनुमानगढ़ तथा झुंझनू में सबसे ज्यादा बिक्री लक्ष्य हासिल करने वाले डीलरबंधुओं को पुरस्कृत किया गया। वित्त–वर्ष 2014–15 के लिये हाईएस्ट वैल्यू सेल्स (उत्तर राजस्थान) का प्रथम पुरस्कार मेसर्स चौधरी हार्डवेयर स्टोर, झुंझनू को प्रदान किया गया। मेसर्स गोयल हार्डवेयर एंड प्लाइवुड सेंटर, हनुमानगढ़ को दूसरा पुरस्कार जबकि मेसर्स चौधरी हार्डवेयर स्टोर, हनुमानगढ़ को तीसरा पुरस्कार प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर श्री राजकुमार श्रीवास्तव ने डीलरों को उनके सहयोग के लिये धन्यवाद देते हुये कहा कि ''कामधेनु पेंट्स देश की सबसे तेज गति से बढ़ रही पेंट्स कंपनी है, यह बतलाता है कि हर ओर उपभोक्ताओं का सहयोग और भरोसा पाने में हमें सफलता मिल रही है।'' इस अवसर पर डीलरबंधुओं के बीच वुड कोटिंग एवं वाटरप्रूफिंग उत्पादों की नई रेंज को भी पेश करते हुये श्री राजकुमार श्रीवास्तव ने उन्हें भरोसा दिलाया कि कंपनी आगे भी वैल्यू एडेड उत्पाद और सेवायें उपभोक्ताओं तक पेश करती रहेगी और जल्द ही राज्य में डिजायनर गैलरी भी शुरू की जायेगी।

कामधेनु पेंट्स ने हल्द्वानी में "पेंटर और वार्षिक डीलर मीट" आयोजित की और उन्हें वर्ष 2014–15 में उनके प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। वार्षिक डीलर मीट कंपनी का नेटवर्क बढ़ाने और ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पाद एवं सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता के साथ संपन्न हुआ। वुड कैसल स्पा ऐंड रिसॉर्ट, जिम कॉर्बेट पार्क, उत्तराखंड में 13 जून 2015 को संपन्न मीट इसमें शामिल हुए सभी डीलरों को कंपनी की मार्केटिंग रणनीति समझाने के लिहाज से बहुत सफल रही।

कामधेनु पेंट्स ने उत्तराखंड के डीलरों और वितरकों के लिए यह चैनल पार्टनर मीट आयोजित की थी। इसमें श्री कमल शर्मा (मार्केटिंग प्रमुख – पश्चिमी उप्र, उत्तराखंड एवं हरियाणा), श्री राजकुमार श्रीवास्तव (राष्ट्रीय मार्केटिंग प्रमुख) और श्री मयंक मांगलिक (शाखा प्रमुख – हल्द्वानी) मौजूद थे। कार्यक्रम में उत्तराखंड और उत्तर भारत के 100 से भी अधिक डीलरों ने हिस्सा लिया। डीलरों से बातचीत के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने का वायदा किया। सम्मेलन के दौरान कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले डीलरों को सम्मानित भी किया और इस साल के लिए नई पेंटर योजना भी आरंभ की।

## कामधेनु पेंट्स की उत्तराखंड में ''पेंटर और वार्षिक डीलर मीट''










मीट को सम्बोधित करते हुए श्री राजकुमार श्रीवास्तव ने आश्वस्त किया कि कंपनी अपने उपभोक्ताओं के लिए अनूठे एवं उनके अनुकूल किफ़ायती उत्पाद एवं सेवाएं पेश करती रहेगी। राज्य में जल्दी ही भविष्य में उपयोग में आने वाले तथा नए चलन वाली डिजाइन फिनिश पेश करने वाली **''कामधेनु डिजाइनर गैलरी''** शुरू की जाएंगी, जहां ग्राहक उत्पादों को पसंद करने से पहले वास्तविक उत्पादों को देख सकेंगे और उनका अनुभव कर सकेंगे।

श्री कमल शर्मा, मार्केटिंग प्रमुख (पश्चिमी उप्र, उत्तराखंड और हरियाणा), ने कहा कि "कामधेनु पेंट्स की विभिन्न रेंज उत्तराखंड के इलाके के मकानों और इमारतों के लिए पूरी तरह सुरक्षित हैं।

2014–15 के लिए **पहले हाईएस्ट वैल्यू डीलर**, हल्द्वानी – **मैसर्स सुमित सेल्स**, जसपुर, **दूसरे हाईएस्ट वैल्यू डीलर**, हल्द्वानी – **मैसर्स विपिन कुमार उदित कुमार**, रामनगर, **तीसरे हाईएस्ट वैल्यू डीलर**, हल्द्वानी – **मैसर्स सुरेश चंद अमित कुमार**, रामनगर, **चौथे हाईएस्ट वैल्यू डीलर**, हल्द्वानी – **मैसर्स सिंघल मार्बल स्टोर**, किच्छा तथा **पांचवें हाईएस्ट वैल्यू डीलर**, हल्द्वानी – **मैसर्स दुर्गा पेंट स्टोर**, काशीपुर।

## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

प्रदीप पटेल
**मेसर्स श्री कृष्णा हार्डवेयर**
डोर नं. 6/6/824, सिनेमा रोड
अदिलाबाद टाउन, अदिलाबाद
तेलंगाना
मो. 09449962456

के. के. लोटा
**मेसर्स श्री कृष्णा स्टील**
आरजेड–10बी–4ए, मेन रोड,
इंदिरा पार्क, सागरपुर, पालम कालोनी
नियर वाईन शॉप, नई दिल्ली–110045
मो. 09810807412

**मेसर्स धनेश्वरी स्टील**
थेंगल बाजार
इम्फाल
मो. 08131014584




# ओड़िशा में वार्षिक डीलर बैठक का आयोजन



भारत का सर्वाधिक बिकने वाला टीएमटी रिबार ब्राण्ड, कामधेनु देश भर के उपभोक्ताओं की नंबर वन पसंद बन चुका है। बेहतरीन गुणवत्ता और आधुनिक आविष्कारी तकनीक से निर्मित उत्पादों के लिये सर्वाधिक भरोसेमंद नाम कामधेनु इस्पात लिमिटेड आज देश के कोने–कोने में करोड़ो निर्माण की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहा है। कामधेनु ब्राण्ड के टीएमटी उत्पाद इमारतों को सदियों तक भूकंप एवं मौसम से मुक़ाबला करने की जबरदस्त ताक़त देते हैं; जिससे निर्माण की उम्र काफी बढ़ जाती है।

भारतीय मानक ब्यूरो के नये मापदंडों पर पूरी तौर पर खरा उतरने वाले विभिन्न कामधेनु टीएमटी उत्पाद; एफई –415, एफई–500 तथा एफई–550 आज भारत भर के बाज़ार में उपलब्ध हैं। इसके अलावा भारतीय बाज़ार में 500 D जैसे अत्याधुनिक व उन्नत उत्पाद को पेश करने वाली कंपनी के रूप मे कामधेनु की विशिष्ट पहचान बन चुकी है। कामधेनु उत्पादों पर भरोसा करने वाले देश के लाखों–करोड़ो उपभोक्ताओं को अच्छी सेवा प्रदान करने में एवं उन तक उत्कृष्ट कामधेनु उत्पादों की पहुॅच सुनिश्चित करने में कामधेनु के चैनल पार्टनर्स का महत्वपूर्ण योगदान है। चैनल पार्टनर्स के साथ नियमित रूप से प्रभावी संवाद रखकर कंपनी भी अपने मार्केटिंग नेटवर्क को लगातार मज़बूती और विस्तार देने की दिशा में प्रयास करती रहती है।

समुद्र तट पर बसे खूबसूरत राज्य ओडिशा में नमी वाले वातावरण और चक्रवाती तूफानों के खतरे को देखते हुये उच्च गुणवत्ता की निर्माण सामग्री की जरूरत काफी अधिक है। अत्याधुनिक तकनीक द्वारा बने कामधेनु उत्पाद बेहतर जंगरोधक गुण तथा अधिक मज़बूती के कारण ओडिशा के भौगोलिक वातावरण के लिये आदर्श उत्पाद हैं। इसी वज़ह से पिछले कुछ समय से यहाँ कामधेनु उत्पादों की बाज़ार हिस्सेदारी बहुत तेजी से बढ़ रही है। राज्य में कामधेनु उत्पादों की लोकप्रियता और पहुॅच को और अधिक बढ़ावा देने के उद्येश्य से 20 जून 2015 को होटल स्वास्तिक प्रीमियम, इंडस्ट्रियल कॉम्प्लैक्स, भुवनेश्वर में ओड़िशा के डीलरों और वितरकों के लिए वार्षिक चैनल पार्टनर बैठक का आयोजन किया गया।

ओड़िशा के 250 से भी अधिक डिस्ट्रीब्यूटर्स व डीलरबंधुओं की उपस्थिति में आयोजित इस वार्षिक बैठक में कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल के साथ कंपनी के जीएम, मार्केटिंग, श्री राकेश मिस्री भी शामिल हुये। राज्य में लाइसेंस यूज़र एग्रीमेंट के अंतर्गत कामधेनु ब्राण्ड टीएमटी की निर्माता कंपनी मेसर्स न्यू लक्ष्मी स्टील एंड पावर प्रा. लि.के निदेशक श्री पवन कुमार गुप्ता भी बैठक में समय मौजूद रहे।

बैठक की औपचारिक शुरूआत कंपनी के जीएम श्री राकेश मिस्री द्वारा उपस्थित डीलरबंधुओं के सम्मुख स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद कामधेनु इस्पात लिमिटेड के निदेशक, श्री सुनील अग्रवाल ने स्थापना के बाद से आज तक कंपनी की लगातार हो रही तरक्की पर प्रकाश डालते हुये सभी को राज्य में भावी विस्तार योजना के बारे में जानकारी दी। उपस्थित डीलरबंधुओं को बाजार हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैया कराने का वायदा करते हुये, श्री सुनील अग्रवाल ने बताया, ''आज कामधेनु ओड़िशा के टॉप टीएमटी ब्राण्ड मे शामिल हो चुका है और हमारा मार्केट रिसर्च बताता है कि हमारे उत्पाद उपभोक्ताओं द्वारा काफी पसंद किये जा रहे हैं।''

भविष्य के लक्ष्य को रेखांकित करते हुये श्री सुनील अग्रवाल ने कहा कि, ''बहुत जल्द ही राज्य में कामधेनु टीएमटी सरिया का उत्पादन और अधिक बढ़ाने की हमारी योजना है। हमारा लक्ष्य होना चाहिये कि हम राज्य के हर छोटे–बड़े बाज़ार में अपनी मज़बूत उपस्थिति बनायें। मुझे भरोसा है कि आप सभी चैनल पार्टनर्स के सहयोग से इसी प्रकार तरक्की करते हुये जल्द ही कामधेनु ओड़िशा का नंबर वन टीएमटी ब्राण्ड बन जायेगा।''

इस अवसर पर न्यू लक्ष्मी स्टील एंड पावर प्रा. लि.के निदेशक श्री पवन कुमार गुप्ता ने चैनल पार्टनर्स को कामधेनु के साथ जुड़ने के अपने अनुभवों को बताते हुये कहा, ''मैं उत्पादों की गुणवत्ता को लेकर कामधेनु की प्रतिबद्धता से बहुत ही अधिक प्रभावित हूँ। कामधेनु ब्राण्ड से जुड़ कर मैं बहुत ही खुश हूँ और इस वज़ह से मेरी कंपनी की तेजी से तरक्की भी हो रही है।'' डीलर मीट के दौरान श्री राकेश मिस्री ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स को कंपनी की ओर से पुरस्कार दिया। सभी चैनल पार्टनर्स को कंपनी को दिये गये सहयोग के लिये धन्यवाद देते हुये उन्होंने भविष्य में भी इसी तरह सहयोग जारी रहने की उम्मीद जताई।

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com